राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल की श्रीमती किरण माहेश्वरी के निधन पर शोक संवेदना

जयपुर, 30 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री श्रीमती किरण माहेश्वरी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

अपने शोक सन्देश में राज्यपाल ने श्रीमती माहेश्वरी को समाज हित के लिए समर्पित संवेदनशील जन नेत्री बताया। उन्होंने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और उनके परिजनों को यह भारी दुख सहन करने की शक्ति देने की कामना की है।

———